।। श्री गोवर्द्धनधर: नवनीतप्रियौ विजयत: ।।

श्री आचार्यजी महाप्रभुजी - श्री गुसांईजी परमदयाल के लाड़िले
महानुभाव श्री गिरिधरजी के सर्वस्व पुष्टिमार्ग के प्रधान निधि

श्री नवनीतप्रियाजी की सेवा प्रणालिका



जगद्गुरू श्री मद्वल्लभाचार्यजी प्रवर्तित पुष्टिमार्गीय
प्रधानपीठस्थ गोस्वामी तिलकायत श्री वल्लभकुल चक्रचूड़ामणि
श्री १०८ श्री इन्द्रदमनजी (श्री राकेशजी) महाराजश्री की आज्ञा सूं
लाड़िलेलाल श्री नवनीतप्रियाजी की अतिसूक्ष्म वैष्णवोपयोगी प्रणालिका

।। श्री गोवर्द्धनधरः नवनीतप्रियौ विजयतः ।।

श्री आचार्यजी महाप्रभुजी प्रवर्तित पुष्टिमार्ग में प्रभु को लाड़ लड़ायवे के लिये प्रभु सुखार्थ श्री गुसांईजी परमदयाल ने जो सेवा प्रकार प्रतिपादित कियो है सो प्रेम की पराकाष्ठा ही है ।

जब सेवा प्रकार व्यवस्थित प्रकार सो होवे है तो वामें रस अपने आप प्रकट होवे है और ये प्रभु के प्रति प्रीति को वर्धन करवे वालो हो जावे है ।

चि. गो. श्री विशाल बावा ने तिलकायत गृह के सेवकन के मनोरथन को ध्यान रखते भये निज सृष्टि को सेवोन्मुख करवे के लिये एवं सेवा के विषय को कुशलता सूं समझायवे के लिये ये प्रणालिका के संपादन को एवं प्रकाशन को जो कार्य कियो है सो अति सराहनीय है एवं याके लिये बावाश्री को मेरे हार्दिक शुभाशीर्वाद है ।

ये वैष्णवोपयोगी प्रणालिका निजसृष्टि को, सेवाक्रम को समझवे में एवं लाड़िलेलाल प्रभु के प्रति प्रेम-आसक्ति को बढ़ावे में सहायक हो एसे मेरे सभी वैष्णवन को शुभाशिष है ।

गो. ति. श्री इन्द्रमनजी महाराज

दिनांक : १२.११.२०१५

नाथद्वारा

। । श्री गोवर्द्धनधर: नवनीतप्रियौ विजयत: । ।

प्राथक्कन

श्री आचार्यजी महाप्रभुजी प्रवर्तित शुद्धाद्वैत ब्रह्मवाद याने पुष्टिमार्ग को परम साधन एवं फल श्रीप्रभुन की सेवा ही है ।

''अत: सेवा परम्चित्तं''

''शास्त्रमवगत्य मनोवाग्देहै: कृष्ण: सेव्य:''

''कृष्ण सेवा सदा कार्या''

आदि वचनों द्वारा श्री आचार्यजी ने सदैव सेवा की ही आज्ञा कर के याको सर्वोपरि जनायो है । रसेश्वर श्री लाडिलेलाल को रिझा सके ऐसी सेवा को प्रकार या तो श्री आचार्यजी महाप्रभुजी प्रकट कर सके है या श्री गुसांईजी परमदयाल । याही लिये श्री महाप्रभुजी को नाम श्री गुसांईजी ने श्री वल्लभाष्टकं में प्रकट कियो है ।

''कृष्ण सेवा रसाब्धि''

सो श्रीकृष्ण की सेवा रस के सागर तो आपश्री आचार्यजी ही है सो श्री प्रभुन को मूल क्रम तो आपने ही प्रकट कियो है । और श्री गुसांईजी को नाम श्री रघुनाथजी ने नामरत्नाख्य स्तोत्र में प्रकट कियो है ।

''पितृप्रवर्तित पथ प्रचारक - सुविचारक:''

सो श्री आचार्यजी के प्रकट किये भये सेवा क्रम को सुविचारपूर्वक विस्तार एवं बंधान श्री प्रभुचरण ने कियो है ।

सो निकुंजनायक प्रभु श्रीनाथजी एवं यशोदोत्संगलालित प्रभु श्री नवनीतप्रियाजी आप दोऊ स्वरूपन की सेवा में मार्ग को सब सेवा क्रम श्री आचार्यजी महाप्रभुजी एवं श्री प्रभुचरण ने प्रकट कियो है सो ये ही मूल क्रम आज भी यहाँ विद्यमान है ।

सो निकुंजनायक प्रभु श्रीनाथजी के सेवा क्रम में सब भावन् को समान रीत सूं अंगीकार कराते भये भी मुख्यता तो आपश्री ने निकुंजलीला की ही राखी है सो प्राचीन समय सूं सैद्धान्तिक प्रकार सू श्रीनाथजी को क्रम ना तो कोई बालकन के मंदिर में राख्यो गयो है ना ही वैष्णव के घरन् में ।

''श्रीजी को क्रम तो श्रीजी में ही शक्य है ।''

सो ऐतिहासिक दृष्टि सूं सात निधिन के मंदिर में और सब बालकन के मंदिर में मूल रूप सूं श्री नवनीतप्रियाजी की जो रीत श्री आचार्यजी एवं श्री गुसांईजी ने प्रकट की है सो ही चले है । वामें फेर पीछे सू स्वरूप के भेद सो, लीला भेद सो, वाघर के बालकन के भाव सो, वा घर के उत्सव - मनोरथन सू परिवर्तन आयो सो श्री नवनीतप्रियाजी की ही प्रणालिका को संशोधित रूप आज सात घरन की न्यारी न्यारी प्रणालिका है और फेर वाको और संशोधन हो के उपघरन की प्रणालिका भई ।

परंतु लाडिलेलाल को क्रम तो लाडिलेलाल के घर में ही शक्य है और श्री प्रभुचरण की कृपा सूं तिलकायत महाराज सूं ही शक्य है ।

आधुनिक युग में समयाभाव एवं सुदूरस्थानादि होवें के कारण अपने गुरून के सानिध्य में रहकर सेवाक्रम सिखवे को क्रम लोप होतो जा रह्यो है । सो तिलकायत घर के सेवकन की स्वगुरूगृह निधि प्रभु श्री लाडिलेलाल के प्रति आसक्ति होवें सू एवं स्वगुरूगृह की प्रणालिका को आग्रह होवे सूं मनोरथाचार्य श्री वल्लभकुल कौस्तुभ गो.ति.श्री इन्द्रदमनजी महाराजश्री ने अतुलित कृपा करिके श्री नवनीतप्रिय प्रभु की वैष्णवोपयोगी अतिसूक्ष्म सेवा प्रणालिका प्रकट करिवे की आज्ञा प्रदान की ।

सो अतिसूक्ष्म क्यों ? क्योंकि आपको पूर्णसेवाक्रम तो अतिवृह्द है सो आपके निजगृह में ही संभव है ।

फिर भी सेवा-क्रम में मुख्य सभी क्रमनको समावेश कियो गयो है जो वैष्णवोपयोगी सिद्ध होयगो एवं तिलकायत गृह के सवकन कूं ''सेवा कृर्तिगुरोराज्ञा'' ये श्री आचार्यचरण की आज्ञा कूं निभावे में श्री आचार्यचरण की कृपा सू सहायक भी सिद्ध होयगो एसो मेरो दृढ़ विश्वास है ।

श्री लाडिलेलाल प्रभु श्री नवनीतप्रियाजी की सेवा को अनुसंधान एवं आपके माथे विराजते पुष्टिपुरूषोत्तम प्रभु की सेवा में रति-मति-एवं गति को सदैव आपमें वर्धन होवे या 'सेवा-प्रणालिका' के दर्शन एवं अनुकरण सों, एसे मेरे शुभाशीष है ।

- इति शुभम्

गो. विशाल (भूपेश कुमार)
नाथद्वारा

।। श्री गोवर्द्धनधर: नवनीतप्रियौ विजयत: ।।

।। प्रधान गृहनिधि प्रभु श्री नवनीतप्रियाजी के घर की वर्षभर की प्रणालिका ।।

-भाद्रपद कृष्ण - अष्टमी - नवमी -

- जन्माष्टमी - नन्दमहोत्सव -

मंगला - श्री प्रभु जागे बेग सो । जागते भये में बधाई गवे ''आज बडो दरबार'' । मंगल भोग धरनो । वारा सेव के लाडू को । भोग धर के पंचामृत की तैयारी करनी । भोग सरे आचमन मुखवस्त्र करनो । मंगला आरती होवें ।

पंचामृत - घी, शहद, दूध, दही, बूरा, कंकू-पीताक्षत, तुलसीदल, ठंडो जल, समोयो गर्म जल, स्नान को पट्टा, शंख, सूखी हल्दी, अभ्यंग की सब तैयारी ।

सुखी हल्दी को अष्टदल मांडनो वापे थाल एवं पट्टा पधरानो । पट्टा पर कंकू को अष्टदल एवं वापे लाल वस्त्र बिछानो । श्री प्रभुन कूं सिंगार वड़े करके पधराने पीछे तिलक - अक्षत करनो । निवेदन मंत्र बोलते भये तुलसीदल समर्पित करने । शंख एवं सब डबरीयान में तुलसी पत्र पधरावने । संकल्प करनो । फेर पंचामृत श्री आचार्यजी को स्मरण एवं नमन करके प्रारंभ करनो । प्रथम दूध फेर दही, घी, बूरा, शहद पीछे फेर दूध एवं छेल्ले ठंडे जल सू करनो । पीछे अभ्यंग करावनो । अंगवस्त्र करिके फेर अत्तर समर्पित करनो । पीछे श्रृंगार के पाट पर श्री कूं पधरावनो ।

श्रृंगार - केसरी जामदानी को वागा धरनो । पीछे अंजन करनो । कमलपत्र होवें । फेर सिंगार धरने । कुल्हे चित्र की । पाँच को जोड़ । पान - तुर्रा हीरा के । मकराकृत कुंडल । बड़े फोंदना । उत्सव के सब आभरण शीशफूल हीरा को अर्द्धचंद्र । तीन जोड़ को भारी सिंगार । कटला, त्रवल, बघनख सब आवे । सिंगार होते भये सिंगार भोग पीस में धरनो । प्रभुन कूं सिंहासन पर पधरावने । आरसी दिखाने । चून के दिवला की आरती प्रकटा के प्रभुन कू तिलक अक्षत दो बेर शलाका सूं करनो । पीछे बीरा दो कंकू में बोर के श्री प्रभुन के दक्षिण भाग में सिंहासन पर पधरावने । २ श्रीफल भेंट समेत धरने । तुलसीदल समर्पने । मुठियावार के आरती करनी । सब आपस में तिलक करें ।

राजभोग - मन्मनोहर के लडुवा, बिलसारू, पापड़, कचड़िया, केसरी फेनी, खीर चौखा की, भुजेना, दाख को रायता और सब उत्सव की सामग्री धरें । भोग सरें आचमन मुखवस्त्र होवें । बीरी अरोगे । मालाजी धरें । सब जड़ाऊ साहित्य आवें । सब साज राजभोग को मंडे । पट चौपड़ को बिछे । नित्यवत सब क्रम होकर अनोसर होवे ।

उत्थापन - शयन - नित्यवत् । शयन भोग धरके नंदमहोत्सव को पलना साजनो ।

जागरण - (यें क्रम मंदिर में होवे) शयन पीछे राजभोग दर्शनवत् साज मंडे । झुनझुना आदि सू खिलावे । जन्म समय के पंचामृत । महाभोग आवे ।

नंदमहोत्सव - सब सिंगार आदि जन्माष्टमीवत् ही रहें । (जहाँ प्रभु जन्माष्टमी के दिन पोढ़ें वहाँ के लिये) नंदमहोत्सव के दिन नित्यवत् क्रम होवें । राजभोग अरोग के प्रभु पलना में पधारे । सब कीर्तन होय । पितांबर ओढ़ानो । भेंट धरनी । आरती करनी । फेर नित्यवत् अनोसर तक सब क्रम पहोंचनो ।

मास - भाद्रपद (कृष्ण पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
दशमी	(नियम को श्रृंगार)	परचारगी को सिंगार श्रृंगार समय बघनखा धरें । बड़े कंठला नहीं आवें । श्रृंगार थोड़ो जन्माष्टमी सूं हल्को । अनोसर में कुल्हे रहें ।	जन्माष्टमीवालो नयो साज रहे । काशी के काम को भारी साज हट जावें ।	बूंदी मेवा भात कंद	जड़ाऊ साज सब विजय होंवे सांझ कूं ।
एकादशी	(रीत को श्रृंगार)	केसरी झालर की टोपी वस्त्र केसरी जन्माष्टमी के । (वागा नहीं धरे ।) आभरण उत्सव के । फोन्दना छोटे । श्रृंगार हीरा माणक के । कंठला गादी पर एक राधाष्टमी तक नित्य आवें ।	नंद-महोत्सव की (चित्र की)	पंजीरी - माखन मिश्री की कटोरी आज सूं राधाष्टमी तक आवें ।	आज सूं सफेदी चढ़े ।
द्वादशी		पचरंगी लहरिया के वस्त्र पन्ना के आभरण । बाबरी टोपी ।	नंद-महोत्सव की (चित्र की)		ति. श्री दाऊजी (तृतीय) कृत नियम को नंदभवन में पलना को मनोरथ । लालन चौतरा या निजमंदिर के बगीचा में पधारे ।
त्रयोदशी		फिरोजी वस्त्र गुलाबी मीना के आभरण, गोल पाग - फिरोजी कतरा चमकनो	फिरोजी		
चतुर्दशी	श्री काका वल्लभजी को उत्सव (रीत को श्रृंगार)	पीले वस्त्र, फिरोजाई आभरण, कसुमल कुल्हे जोड़ चमकना, फोन्दना मध्य के	पीलो मखमल को		
अमावस		कोयली रंग के वस्त्र हीरा की टोपी बाबरी श्याम	नंद-महोत्सव की (चित्र की)		

मास - भाद्रपद (शुक्ल पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
एकम्	श्री राधाष्टमी की बधाई बैठे ।	केसरी वस्त्र, केसरी गोल पाग, कतरा एक चमकनो, पन्ना के आभरण ।	केसरी		
द्वितीया		राजाशाही लहरिया के वस्त्र, हीरा की टोपी तीन फोन्दना वाली । फोन्दना धरें ।	लहरिया के		
तृतीया		अमरसी वस्त्र, समला की टोपी, आभरण फिरोजा के	अमरसी		
चतुर्थी	डंडा चौथ	लाल चौफुली चुनरी के वस्त्र । चुनरी की छज्जेदार पाग, आभरण तड़तड़ी के (हीरा के) लूम की कलंगी, लूम - तुर्रा (रूपेरी)	बाललीला की । डांडिया की (चित्र की)	चुरमा (सखड़ी में)	
पंचमी	श्री चंद्रावलीजी को उत्सव	वस्त्र एक दाली चुनरी के । चुनरी की कुल्हे । कुल्हे पर तीन बादला के तुर्रा । हीरा पन्ना के आभरण । पन्ना की चोटी ।	बाललीला की । डांडिया की (चित्र की)	मनोर के लड़वा हाण्डी मंड़ला	
षष्ठी	ति. श्री विठ्ठलेशरायजी को उत्सव (रीत को श्रृंगार)	वस्त्र पचरंगी लहरिया के । छज्जेदार पाग, हीरा के आभरण सादा चंद्रिका । कर्णफूल चार । फोन्दना छोटे ।	लहरिया को	बूंदी, जलेबी, बिलसारू, खीर, बड़ा की छाछ	अनोरस में पाग पर शीशफूल रहे । (थाली की आरती)
सप्तमी		वस्त्र कसुमल, गोल पाग, सादा मोरचंद्रिका बांकी, पन्ना के आभरण ।	कसुमल साज		सफेदी बड़ी हो जाय ।
अष्टमी	श्री राधाष्टमी	अभ्यंग, वस्त्र केसरी जामदानी के, बागाधरें, कुल्हे केसरी, पाँच चंद्रिका को जोड़, कमलपत्र, कुंडल मकराकृति, फोन्दना बड़े । श्रृंगार मिलमा भारी दुहेरा । ❖ राजभोग में कुंजा आबखोरा आवे । ❖ सांझ कू ढाढी ढाढीन लाडिलेलाल के सन्मुख नाचे । ❖ कुल्हे धर के अनोसर होय ।	नयो जन्माष्टमी वालो	बूंदी को वारा पाँच भात छड़ियल दाल पापड, कचरिया तीन कूड़ा बड़ी केरशाक बिलसारू मठड़ी, सफेद फेनी, केसरी फेनी, खीर, बड़ा की छाछ, मेदा की पूड़ि, सिखरन बड़ी, भूजिना ४ और सब उत्सव की सामग्री	आरती थाली की साज सब जडाऊ। राजभोग आये पहले गुलाल अबीर, चोवा, चंदन सूं सूक्ष्म खेल होवे आरसी देखें फेर तिलक अक्षत होवें प्रभू कूं । फेर आरती होवे । फेर श्रीफल एवं भेट करनी । बीड़ा धरनो कंकु में बोरे भये । पीछे थाल सने एवं राजभोग आवे ।

मास - भाद्रपद (शुक्ल पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
नवमी	रीत को सिंगार परचारगी को	कुल्हे पर पान धरे श्रीकंठ में बघनखा धरे । वागा धरे ।	सब राधाष्टमी को	सेव के लडुआ मेवा – भात	सांझ कू गादी तकिया पर सफेदी चढ़ जाय ।
दशमी		कसुमल वस्त्र, गोल पाग, चंद्रिका सादा बाकीं, पन्ना के आभरण	कसुमल		
एकादशी	दान – एकादशी	कसुमल वस्त्र, माणक को मुकुट, माणक के आभरण मयुराकृत कुंडल, फोंदना बड़े, भारी सिंगार, चोटीं नहीं धरे ।	दान के चित्र को	दान की हाण्डी दो नित्य आरोगे एक दूध की एक मीठे दही की आसोज व एकादशी ताई	दान एकादशी सो आ. व. ११ ताई चोटी नहीं धरे ।
द्वादशी	वामन द्वादशी	अभ्यंग, वस्त्र केसरी मलमल के, कुल्हे तीन चंद्रिका को जोड़, पन्ना के पान तुर्रा, आभरण मिलमा । झारीजी यमुनाजल की भरें । कुल्हे धर के अनोसर होय ।	नयो जन्माष्टमी को	रायता दाख को, फलाहार खोवा के गुंजा	राजभोग में पंचामृत होवे श्री बालकृष्णजी के । श्री बालकृष्णजी को तिलक होवें । श्री नवनीतप्रियाजी को नहीं होवें ।
		(अगर दान एकादशी एवं वामन द्वादशी भेले होय तो वस्त्र केसरी धरे एवं श्रृंगार दान एकादशी को होय ।) (पिछवाई दान की बंधे । अनोसर में कुल्हे धर के पोढ़े ।) (अगले दिन वामन द्वादशी को सब क्रम होवें श्रृंगार कुल्हे या किरीट को रहे । वस्त्र केसरी ही आवें ।)			
त्रयोदशी		परचारगी को सिंगार । कुल्हे की जगह किरीट भी धरे कभी कभी ।	जन्माष्टमी को नयो		
चतुर्दशी		एकदाली चुनरी के वस्त्र, गोलपाग, आभरण फिरोजा के । श्रृंगार हल्को ।			
पूर्णिमा		हीरा को मुकुट, आभरण हीरा के, वस्त्र खसखसी पन्ना के आभरण ।	दान को		शयन में सांझी को पट्टा आवे । गेंद छड़ी दो – दो फूल की आवे ।

मास - आसोज (कृष्ण पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
एकम्		पीले वस्त्र, पीली गोल पाग, कतरा चमकनो, आभरण पन्ना के, श्रृंगार हल्को ।	धनक को		
द्वितीया		कसूमल वस्त्र, कसूमल फेंटा, लोलक बिंदी, आभरण हीरा एवं नीलम के । कतरा, चंद्रिका चमकने । श्रृंगार मध्य को ।			
तृतीया		पीले वस्त्र, पीली गोल पाग, फिरोजा को मुकुट, फिरोजा एवं हीरा के मेल के आभरण । श्रृंगार भारी ।			
चतुर्थी		फिरोजी रंग के वस्त्र, चार कर्णफूल । फिरोजा के आभरण । चमकनी चंद्रिका, श्रृंगार मध्य को ।	लाल धनक को		
पंचमी	श्री हरिरायजी महाप्रभुजी को उत्सव (रीत को श्रृंगार)	केसरी वस्त्र, फिरोजा को मुकुट, फिरोजा के आभरण, मध्य को श्रृंगार फोंदना पर ।	पीलो लहरिया को	बूंदी, जलेबी	
षष्ठी		पीले लहरिया के वस्त्र, पन्ना को मुकुट, पन्ना के आभरण । मध्य के फोंदना ।	साज एकदाली चुनरी को		
सप्तमी		कसुमल धोरा के वस्त्र, पन्ना के आभरण । श्री मस्तक पर टोपी । श्रृंगार हल्को ।			
अष्टमी	श्री गोपीनाथजी के पुत्र श्री पुरुषोत्तमजी को उत्सव	नीलम को मुकुट । नीलम के आभरण । वस्त्र पीले । मध्य के फोंदना । कुंडल हीरा के ।	पीलो		
नवमी		वस्त्र केसरी । कसुमल गोल पाग । कतरा जमाव को । श्रृंगार हल्को ।	श्याम धनक को		
दशमी		कसुमल वस्त्र, फिरोजा को मुकुट, फोंदना मध्य के, आभरण सब फिरोजा के ।	लाल धनक को		
एकादशी		हीरा को मुकुट । मध्य के फोंदना । हीरा मोती के आभरण । वस्त्र श्याम धोरा के । मयूराकृत कुंडल ।	दान के चित्र को साज		
द्वादशी	श्री आचार्यजी के बड़े लालजी श्री गोपीनाथजी को उत्सव (रीत को श्रृंगार)	कसुमल वस्त्र, कुल्हे, पाँच चंद्रिका को जोड़ । पन्ना के आभरण । श्रृंगार भारी । फोंदना मध्य के । चोटी धरे । कुल्हे धर के पोढ़े ।	कसूमल	हांडा, लुचई	

मास - आसोज (कृष्ण पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
त्रयोदशी	श्री गुसांईजी के तृतीय लालजी श्री बालकृष्णजी को उत्सव (रीत को श्रृंगार)	केसरी वस्त्र, केसरी कुल्हे, जोड़ चमकनो, सुनहरी, माणक के आभरण । श्रृंगार भारी । अनोसर में कुल्हे धर के पोढ़े ।	केसरी	लुचई, हांडी	
चतुर्दशी		फिरोजी धोरा के वस्त्र, फिरोजी टोपी, गुलाबी मीना के आभरण । श्रृंगार हल्को ।	ठकुरानी तीज वाले	कुर के गुंजा	सांझी के पट्टा पर चमक को कोट मंडे ।
अमावस्या		वस्त्र श्याम धोरा के । मुकुट फिरोजा को । आभरण हीरा एवं फिरोजा के मिलमा । फोंदना मध्य के । श्रृंगार भारी । चोटी नहीं धरे ।	महादान को चित्र को		शयन पीछे लाल छापा को चंदरवा बंधे ।

मास - आसोज (शुक्ल पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
एकम्	नवरात्री प्रारंभ (नवविलास) (रीत को सिंगार)	अभ्यंग, वस्त्र लाल छापा के, कसुमल कुल्हे, पान तुर्रा हीरा के, चोटी हीरा की, हीरा की जोड़ी, गादी को सिंगार दुहेरो, पाँच चंद्रिका को जोड़, सब उत्सववत् क्रम । अनोसर में कुल्हे धर के पोढ़े ।	लाल छापा के	मनोहर के लड्डुवा, छाछ वड़ा हांडी पकोड़ी की कढ़ी, बड़ी को शाक	आज सूं बागा शुरू । ठाड़े स्वरूप खुंले बन्ध को बागा धरें । शय्याजी पर छापा की चादर ओढ़े । बागा संध्या आरती पीछे बड़ो हो जाये ।
द्वितीया		पीले छापा के वस्त्र । पीलो खूंट को दुमाला । सेहरा । फिरोजा की जोड़ी । फिरोजा के कुंडल ।	पीले छापा को	बाबर, खंडरा की कढ़ी	
तृतीया		हरे छापा वस्त्र । ग्वाल पाग । मोरशिखा सुनहरी चमकनी । माणक की जोड़ी । कुंडल ।	हरे छापा को झाड़ वालो	बूंदी के लड्डुवा, सेंव	
चतुर्थी	श्री दाऊजी महाराज (द्वितीय) को उत्सव (दुहेरा मण्डान) (रीत को श्रृंगार)	केसरी डोरिया के वस्त्र । गोल पाग । लूम की कलंगी । पन्ना के आभरण । तीन ठेकड़ा वालो सिरपेच । कर्णफूल दो पन्ना के । दो कंठुला । श्रृंगार हल्को । वेत्र गादी के दोई आड़ी आवे । गेंद चौगान भी दोई आड़ी दुहेरा आवे । चोपड़ को पट लाल दुहेरे घर वालो । फूल की माला सब समय की दुहेरी । झारी दुहेरी । बीड़ा दोहरे । आरती दुहेरी अनोसर में पाग धर के पोढ़ें ।	चित्र की (ब्यावला की)	मनोर के लड्डुवा, बूंदी, जलेबी । चोला की गुंजिया । पाँच भाँत । तीन कुडा । मिरच को शाक खीर । बड़ी के शाक रायता । बरफी । सिखरन । मट्ठा । और भी नित्य की सामग्री सब दुहेरी आवे ।	नाथद्वारा में प्रधान निधि प्रभु श्री नवनीतप्रियाजी में दुहेरो मण्डान होवें । सेवकन कूं भी अपने घर में यथाशक्ति दुहेरो क्रम अंगीकार करा के लाड़ लडानो । *भोग को समय भी अधिक लेनो । *शंखनाद दुहेरे । (दोनो समय)
पंचमी		फेंटा या पाग धरे । वस्त्र छापा के । रंग को नियम नहीं ।		सखड़ी में बेसन की गोली को प्रकार होय ।	
षष्ठी		वस्त्र छापा के गुलाबी । जोड़ी पन्ना की । खूंट को दुमाल । या टीपारा धरें । फोंदना धरें । श्रृंगार मध्य के ।			
सप्तमी		श्याम छापा के वस्त्र । गोल पाग, लूमतुर्रा सुनहरी । हीरा के आभरण । श्रृंगार हल्को । कतरा एक चमकनो ।		पपची एवं सेव	
अष्टमी		सफेद छापा के वस्त्र । सुनहरी डांक को मुकुट । पन्ना हीरा के मिलमा आभरण ।		मनोहर के लड्डुवा	
नवमी		लाल छापा के वस्त्र । लाल गोल पाग । पन्ना के आभरण । बांकी चंद्रिका । श्रृंगार हल्को ।		दहीथरा	

।। श्री गोवर्द्धनधरः नवनीतप्रियौ विजयतः ।।

मास - आसोज (शुक्ल पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
दशमी	दशहरा श्री गिरिधरजी के बड़े लालजी श्री मुरलीधरजी को उत्सव	सफेद जरी के वस्त्र । मंगला में सफेद छापा को उपरना ओढ़े । अभ्यंग । कर्णफूल चार माणक के । सिरपेच पटिया को । लूम माणक की । चंद्रिका सादा एक । फोंदना बड़े । श्रृंगार भारी । आभरण मिलमा राजभोग सू श्री प्रियाजी काँच के बड़े सिंहासन पर विराजें । पाट पर सतरंज बिछे । अनोसर में चीरा धर के पोढ़े । * निजतिबारी में राजभोग समय आज सूं नित्य गाय मंडे (गोपाष्टमी तक)	सफेद जरी के	बिलसारू, पाटिया, मनोर के झारा की सेंव । खोवा के गुंजा । खीर, बड़ा की छाछ कन्द	*कंद धरे पर सकरकन्द देव प्रबोधिनी सूं प्रारंभ होवे । *सांझ कूं उत्थापन भोग धर के जवारा की कलंगी पीले रेशम के डोरा सूं बांधनी तिलक की तैयारी करनी । वामें कंकु, अक्षत, गुलाबजल, शलाका, बीड़ा, दो कंकु लगाय के एवं तुलसीदल राखने ।
भोग सराने । खंड पाट साजने । घंटानाद होय । तिलक अक्षत होय । पीछे चंद्रिका विजय करनी । और वहाँ जवारा की कलंगी धरावनी । थोड़े खुले जवारा चरणारविंद में पधरावने । तुलसीजी समर्पने । बीड़ा जेमनी आड़ी बंटा के पास धरने । .... । उत्सव भोग में विशेष में १० माठ आवें । बाकी सब दूधघर की सामग्री भी आवे । चौक में भोग धरें पीछे दशहरा पूजन होवे । (आकासी दीप चढ़े कार्तिक सुद पुनम तक रहे ।)					
एकादशी		डांक को मुकुट धरें ।	महारास को (चित्रकी)		मंगला में जरी के आत्मसुख धर के विराजे आज सूं *रास के दिनों में मुकुट धरें तब चोटी नहीं धरें ।
द्वादशी		पन्ना को मुकुट । पन्ना की जोड़ी । वस्त्र लाल जरी ।	महारास को		
त्रयोदशी		श्याम जरी के वस्त्र । चीरा । जमाव को कतरा । फोंदना । हीरा को जोड़ी ।	श्याम जरी को		
चतुर्दशी		सफेद जरी के वस्त्र । हीरा को मुकुट । मयुराकृत कुंडल । हीरा को जोड़ी । शयन में खिड़की की पाग धर के विराजे । (श्याम खिड़की की)	सफेद जरी को तारन को		
पूनम	शरद पूर्णिमा	अभ्यंग होय । सफेद जरी के वस्त्र । हीरा को मुकुट आवे । शीशफूल अर्धचन्द्र हीरा को आवे । हीरा के मकराकृत कुंडल । फोंदना बड़े । कमलपत्र होय । गादी को श्रृंगार दुहेरा । चोटी नहीं धरें । जोड़ी हीरा की । सांझ कूं शरद की आरती पीछे श्रृंगार विजय होके पाग धर के पोढे । आभरण सब शैया के पास छाब में पधरावने ।		मनोहर के लड्डुवा । दूध की हांडी, रात्री को शरद में खाजा घेवर बूरा भुरक्या चौखा को मगद चौखा की खीर सिखरन बड़ी छाछ बड़ा बिलसारू फल सब तरह के मेदा की की पूरी खरखरी गुंजा एवं सब दूधघर की सामग्री दूध की हांडी	सांझ कू श्रृंगार विजय नहीं होवे । शयन भोग धर के चौक खासा करनो । सब सफेद विछात करवानी शरद को साज आवे । सिंहासन खंड पाट लगावनो गुलाबदानी चंदन की बरनी सब जड़ाऊ आवे बीरा अधकी आवे । श्री कूं पधरावने । भोग पास में धरने । झारीजी पर सफेद नेवरा आवें । मुकुट पर चांदनी आवे तब आरती होवे न्योछावर राइ लोन होवें ।

मास - कार्तिक (कृष्ण पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
एकम्	दूसरी शरद	शरद पूर्णिमा के ही श्रृंगार होवे । अनोसर में पाग रहें ।	शरद उत्सव की	शरद की	श्री नवनीतप्रियाजी में आज शरद के दर्शन होय । (शयन समय)
द्वितीया	दशमी को श्रृंगार	सफेद सुनहरी कारचोब के वस्त्र । चीरा । लुम की कलंगी । पन्ना की जोड़ी । श्रृंगार हल्को ।	वस्त्रानुसार पिछवाई झाड़ की		
तृतीया		वस्त्र पीली जरी के पीलो दुमाला चंद्रिका एवं कतरा सादा । आभरण हीरा मोती के फोंदना मध्य के । अनोसर में पाग रहें ।	पीली जरी को		ये श्रृंगार होय जब सू सांझ कूं शयन में गोवर्धन लीला गवें । (अपने अपने टोल)
चतुर्थी	द्वादशी को श्रृंगार	पीली जरी के वस्त्र चीरा । पन्ना के आभरण मध्य के फोंदना । कर्णफूल ४ । चंद्रिका चमकनी । श्रृंगार मध्य सू भारी ।	पीली जरी को		
पंचमी	राते पियरे टिपारे को सिंगार	लाल जरी के वस्त्र टिपारा पीली जरी को पेच तुर्रा लाल । चंद्रिका कतरा सादा । पिरोजा के आभरण । मध्य के फोंदना । श्रृंगार भारी ।			राजभोग में कीर्तन होय ''मदन गोपाल गोवर्धन पूजत''
षष्ठी	धनतेरस को सिंगार	हरी जरी के वस्त्र चीरा फोंदना मध्य के । माणक के आभरण चार कर्णफूल ।	हरी जरी को		
सप्तमी	मुकुट	मुकुट के साथ वस्त्र जरी के रंग को नियम नहीं ।		सामग्री भी उत्सवन की आवे	हटड़ी प्रारंभ
अष्टमी	रूप चौदस एवं दिवाली के सिंगार होवे	रूपचौदस को सिंगार ।			
नवमी		दिवाली को सिंगार ।			
दशमी	(नियम को श्रृंगार)	सफेद सुनहरी बूंटी के कारचोब के । चीरा श्वेत पन्ना की जोड़ी । श्रृंगार हल्को । शयन में लूम तुर्रा धर के काँच के बंगला में विराजे । अनोसर में चीरा रहे ।	वस्त्रानुसार साज	मनोर के लडुवा	सफेदी उतरे । * चौदस की दिवाली होय तो ये *श्रृंगार नवमी सू प्रारंभ हो जाये ।
एकादशी	रीत को सिंगार	श्याम जरी को वस्त्र । श्याम चीरा । जमाव को कतरा । कर्णफूल चार । छोटे फोंदना । हीरा की जोड़ी । अनोसर में चीरा रहे ।	श्याम जरी को	बूंदी के लडुवा	दिन मुहुर्त देख के अन्नकूट की रसोई में कढ़ाई को मुहुर्त होवें ।
द्वादशी	रीत को सिंगार	पीली जरी के वस्त्र एवं चीरा । सुनेरी चमकनी चंद्रिका । कर्णफूल चार । पन्ना की जोड़ी । फोंदना मध्य के । शयन में बगीचा में काँच की हटड़ी में विराजे दीपदान होवें ।	पीली जरी को	मेवाबाटी	टाटवाफीकी के तकिया की और सब खोली चढ़ें ।

मास - कार्तिक (कृष्ण पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
त्रयोदशी	धनतेरस	हरी जरी के वस्त्र चीरा । माणक की जोड़ी । फोंदना बड़े । चंद्रिका सादा एक । शयन में लुम तुर्रा धर के विराजे । अनोसर में चीरा रहे । शयन में रोशनी होवे । कर्णफूल चार ।	हरी जरी को	फेनी संजाब की खीर बिलसारू छाछ बड़ा पकोड़ी की कढ़ी, बड़ी को शाक	उत्थापन सूं चौतरा पर काँच के बड़े छज्जा में सांगामांची पर विराजे । (ति. श्री इंद्रदमनजी महाराज को सिद्ध करायो भयो ।)
चतुर्दशी	रूपचौदस	सुनहरी फूरकसाई के वस्त्र, चीरा । कर्णफूल चार । हीरा की जोड़ी । सीसफूल पर हीरा को अर्धचन्द्र । फोंदना बड़े । उत्सव के भारी सिंगार । चंद्रिका एक सादा । सब जड़ाऊ साज आवे । सांझ कूं सब क्रम चौतरा पर बड़ी सफेद काँच की हटड़ी में होय । फूल के पड़गा आवें ।	फूरकसाई की सुनहरी पिछवाई	ठोड़ मठड़ी छाछ बड़ा खीर बिलसारू पकोड़ी की कढ़ी, बड़ी के शाक	आज मंगला बेग सो होवें । बड़ो अभ्यंग होवे । स्नान के पट्टा पर श्री कूं पधरा के बीड़ा दो धर के तिलक अक्षत प्रभू कूं करने । पीछे अक्षत बड़े करके अभ्यंग कराने ।

कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या (दिपावली)

- श्री कूं अभ्यंग होवें । सफेद फूरकसाई जरी के वस्त्र, कुल्हे । तीन जोड़ के भारी सिंगार होवे । सिसफूल हीरा को । कमलपत्र होय । कुंडल लाल मकराकृत । फोंदना बड़े । गादी के सिंगार दूहेरा वाके उपर कंठला हमेल । चोटी माणक की । पाँच चंद्रिका को जोड़ । वेणुवेत्र जड़ाऊ ।
- राजभोग में तीनकूडा, बड़ी के शाक, पापड़, कचड़िया, खीर की गागर, बड़ा की छाछ, बिलसारू, आदि आवें ।
- साज सफेद फूरकसाई को । सब जड़ाऊ साहित्य । राजभोग आरती थाली की । अनोसर नित्यवत् ।
- सांझ की सेवा नित्यवत् । श्रृंगार विजय नहीं होय । शयन भोग धरे । शयन भोग सराय कानजगाई होवें । पीछे प्रभुन कूं हटड़ी में पधरावनो । हटड़ी में सब जड़ाऊ साहित्य आवें । आरती होवें । चून के दिवला की चार मूठीया वार के आरती होवें । भेंट करनी । श्रृंगार बड़ो करनो । कुल्हे धर के एवं बागा धर के पोढ़े । अनोसर में शयन के सब विशेष सामग्री अधिक में आवे ।

कार्तिक शुक्ल पक्ष एकम् (अन्नकूट)

श्री कूं जगाय के ओढ़नी ओढ़ावनी । मंगल भोग आवे । भोग सरे पीछे सिंगार करने । स्नान होय । सिंगार सब दिवारी को आवे । बड़े हमेल नहीं धरे । कमलपत्र होय । गोकर्ण लाल जरी के धरे चोटी धरे । आरसी देखे । राजभोग आवे । राजभोग में सब उत्सव की सामग्री आवे ।भोग सराय के बीड़ी अरोगे माला धरे । राजभोग आरती थाली की होय । पीछे पितांबर श्री ठाकुरजी के बांई आड़ी ओढ़ावनो माला के नीचे । श्री गोवर्धन पूजन के कीर्तन होय । कीर्तन होते में श्री ठाकुरजी दुध की हांडी अरोगे पीछे बीरी अरोगे । पीछे अन्नकूट की सब तैयारी साजनी । अन्नकूट की तैयारी होवे तब शीतल भोग आवे । अन्नकूट में वर्षभर की सब सामग्री यथाशक्ति सो करनी । अन्नकूट में सबसू आगे दूधघर पीछे अनसखड़ी और वाके पीछे सखड़ी भोग धरने । सखड़ी भोग के मध्य में कोरी हल्दी को अष्टदल मांड के वापे छाब पधरा के वामें कुंडा में पाटिया की सेवा पधरा के वाके उपर भात को कूट साजनो । कोट के उपर मध्य में शिखर गुंजा आवे । और चार गुंजा एक प्रभु सम्मुख मध्य में एवं वाके पीछे एक और दो अगल बगल में आवें । पीछे तुलसी की माला कोट पर आवें ।पीछे जल की अधकि की मथनिया प्रभु के पास शीतल भोग सराय के साजनी । और अन्नकूट के भोग धरने । समय भये भोग सरावने । आरती करनी पीछे सब सेवा नित्यक्रम सूं पहुँचनी ।

मास - कार्तिक (शुक्ल पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
द्वितीया	भाईदूज	अभ्यंग होय । लाल खीनखाप को वागा । जरी को चीरा । ओढ़नी पन्ना की जोड़ी । श्रृंगार हल्को उत्सव को । चंद्रिका एक सादा । अनोसर में चीरा रहे ।	जरी को लाल	आखे मूंग की खिचड़ी पापड़ बिलसारू छाछ बड़ा संजाब की खीर बड़ी को शाक दही भात ।	राजभोग की सामग्री प्रभु सन्मुख साज के कोर दाल सो साननो । पीछे हाथ धोय के सब स्वरूपन को तिलक अक्षत करनो बीड़ा २ कंकू लगाय के धरने पीछे आरती चार चून के मुठीया वार के करनी । न्योछावर पीछे तुलसी समर्प के भोग धरवें ।
तृतीया		सफेद जरी के वस्त्र चीरा । जमाव को कतरा । माणक की जोड़ी । सिंगार हल्को ।	गिरिराज धारण की पिछवाई		
चतुर्थी		पीली जरी के वस्त्र	गिरिराजजी वालो		
पंचमी		पिरोजी जरी के वस्त्र । पिरोजी ग्वाल पाग । मोरशिखा १ । कर्णफूल ४ । आभरण हीरा के । फोंदना । मध्य के सिंगार ।	लुचई		
षष्ठी		श्याम जरी के वस्त्र, चीरा । पिरोजा के आभरण । श्रृंगार हल्को । कतरा जमाव को ।	लुचई		
सप्तमी		हरी जरी के वस्त्र । गोल चीरा । चंद्रिका एक सादा । माणक के आभरण । श्रृंगार हल्को ।	लुचई		
अष्टमी	गोपाष्टमी	वस्त्र सुनहरी जरी के । बड़ो हीरा को मुकुट । आभरण सब हीरा के कुण्डल मकराकृत । फोंदना बड़े । श्रृंगार भारी दुहेरा । चोटी नहीं धरे । पट बाघ बकरी को मंडे । अनोसर में लाल कुल्हे धरें ।	श्याम साटन पर सफेद कसीदा की गाय	मनोर के लड़ुवा, खीर संजाब की, बिलसारू छड़ियल दाल पकोड़ी की कढ़ी, दही भात, बड़ी के शाक, पापड, कचड़िया	
नवमी	अक्षय नवमी	अन्नकूट के श्रृंगार होवें । तुलसीजी की वनमाला आवे । अनोसर में केसरी कुल्हे धरे ।	बड़ी गायन वारी पिछवाई	ठोड़, मठड़ी, बूंदी के लड़ुवा, मीठे पेठा को बिलसारू	पलना समय पलना कूं मध्य में पधराय के परिक्रमा देनी
दशमी		लाल लिसमा जरी के वस्त्र । चीरा । बांकी चंद्रिका एक सादा । सुनेरा के आभरण । श्रृंगार हल्को ।	लाल जरी को		सफेदी बड़ी होय । रजाई, गद्दल आत्मसुख आदि शीतकालिक साहित्य की तैयारी करनी ।

।। श्री गोवर्द्धनधर: नवनीतप्रियौ विजयत: ।।

मास - कार्तिक (शुक्ल पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
एकादशी	देव प्रबोधिनी एकादशी	अभ्यंग उबटन होय । सुनहरी फूरकसाई जरी के वस्त्र । कुल्हे जोड़ पाँच चंद्रिका को । सब उत्सव के आभरण आवें । श्रृंगार भारी । फोंदना बड़े । मकराकृति कुंडल । लाल शीशफूल हीरा को अर्धचन्द्र । कमलपत्र होय । चोटी नहीं धरें ।	सफेद जरी को	(मंडप में) जलेबी फलाहार बिलसारू रतालू (राजभोग में) पाटिया बैंगन के शाक और सब उत्सव की सामग्री	- झारीजी पर लाल पटवस्त्र आवें आज सू नित्य । - सिंहासन के नीचे रूई की गादी बिछे । - लाल रूई को आत्मसुख वागा के भीतर नित्य आवें । - चोटी बंद आज सू । - गुड़ की कटोरी राजभोग में नित्य आवे । - मंडप मांडनो ।
देवोत्थापन के समय की तैयारी - साठा कों मंडप बंधवावनो । चार छाब तैयार करनी वामे प्रत्येक में सांठा के टूक, बैंगन, शकरकंद, बोर, सिंहाड़ा, चणा की भाजी पधरावनी । गद्दल तैयार राखनो । अंगीठी प्रकटावनी । घी के १६ दिया जोड़के रखने । श्री ठाकुरजी को मंडप में पधरावने । झारीजी पधराने । अब सावधानी सू तीन बिरीया श्री ठाकुरजी को चौकी सुद्धा उठावने पीछे दण्डवत करि के गद्दल धरनो । चारो छाब मण्डप के चारो कोना में धरनी । श्री ठाकुरजी कूं तिलक अक्षत करनो । तुलसी समर्पनी । झारी के नालवा खोलने भोग धरनो । तुलसी पूजन करनो । समय भये भोग सराय आरती करनी । परिक्रमा ४ करनी ।					
द्वादशी	श्री गुसांइजी के प्रथम लालजी महानुभाव श्री गिरिधरजी को उत्सव	देव प्रबोधिनी को ही रहे ।	एकादशी वारो ही रहें ।	पाँच भात सिखरन बड़ी छाछ की हांडी खीर की हांडी, बूंदी जलेबी और सब उत्सव की सामग्री आवे ।	राजभोग में श्री ठाकुरजी को तिलक, अक्षत होवें । बीड़ा दो कंकु लगाय के जेमनी आड़ी धरें । मुठिया ४ वार के आरती न्योछावर करने । पीछे सब आपस में तिलक करें ।
त्रयोदशी		लाल जरी के वस्त्र । चीरा, हीरा को सेहरा आभरण सब हीरा के । श्रृंगार भारी दुहेरा, फोंदना बड़े ।	लाल जरी को	लुचई	
चतुर्दशी	ति. श्री गोविन्दजी महाराज (द्वितीय) को उत्सव	पीले खीनखाप के वस्त्र । माणक की कुल्हे चमकनो जोड़ । आभरण सब माणिक के । फोंदना बड़े । श्रृंगार भारी । पाग धरके पोढ़े ।	पीले खीनखाप को साज	बूंदी, जलेबी, खीर, बड़ा की छाछ बिलसारू तीनकूड़ा बड़ी के शाक	शयन में केसरी गोल पाग धरे कछुक श्रृंगार धरे सादा बाकी चंद्रिका धरे । शयन आरती पीछे सब बड़ो हो जाय ।
पूर्णिमा		सफेद जरी के वस्त्र । हीरा को खूप धरें । फोंदना मध्य के ।	सफेद जरी को साज	लुचई	

मास - मार्गशीर्ष (कृष्ण पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
एकम		लाल साटन के वस्त्र लाल साटन को टोपा पर पन्ना को टोपा धरें । पन्ना के सब आभरण । श्रृंगार हल्को ।	लाल साटन को साज	मनोर के लड्डुवा	
द्वितीया		मध्य को श्रृंगार । एच्छिक		बुरा भुरक्या	
तृतीया		हल्को श्रृंगार । एच्छिक		बुंदी के लड्डुवा	
चतुर्थी	छः स्वरुप को उत्सव (श्री प्रियाजी के मंदिर में भयो)	लाल लिसमारजी के वस्त्र । लाल जरी को बीच को दुमला । चमकने रूपेरी कतरा चंद्रिका । हीरा के आभरण बड़े फोंदना । श्रृंगार भारी । कुंडल । पट बाघ बकरी को मंडे । अनोसर में कसूमल पाग धरके पोढ़े ।	काशीवाली काँच की पिछवाई	मनोहर के लड्डुवा पोटिया की सेंव	आज सफेदी नहीं आवे गादी तकीया पर
पंचमी		जरी के टोपा, जरी के वस्त्र, हीरा के आभरण		फेणी	
षष्ठी		एच्छिक		बूंदी के लड्डुवा	
सप्तमी	ति. श्री गोविन्दलालजी महाराजश्री को उत्सव	पतंगी वस्त्र को जोड़ । श्रृंगार हल्को । हीरा के आभरण । गोल पाग पर पीलो छोड़ । पीलो गद्दल ।		पाँच भात मोहनथाल संजाब की खीर	श्री प्रियाजी सोना को पलना झूले । भोग संध्या आरती में श्री प्रियाजी श्रीजी में पधारे ।
अष्टमी	श्री गुसांईजी के द्वितीय लालजी श्री गोविंदरायजी को उत्सव	लाल साटन के वस्त्र । माणक की कुल्हे । हीरा के तुर्रा पन्ना को पान । हीरा पन्ना के आभरण । मध्य के फोंदना । श्रृंगार भारी । जोड़ चमकनो । अनोसर में वस्त्र की लाल कुल्हे धर के पोढ़ें ।	लाल साटन को साज	उपरेटा	
नवमी		लाल साटन के वस्त्र एवं टोपा ।	सोसनी फूलवार साटन को साज	कूर के गुंजा उड़द की रोटी	खीर रोटी को मंगल भोग आरोगे ।
दशमी	नियम को	हरी घटा ।			
एकादशी		श्रृंगार फोंदना के । एच्छिक		सकरपारा, शकरकंद को मगद	
द्वादशी	गो. ति. श्री इंद्रदमनजी महाराजश्री द्वारा श्री नवनीतप्रियाजी को ब्रज सूं फेर मेवाड़ पधरायवे को विशेष मनोरथ	नियम को श्रृंगार लाल जरी को चीरा । बैंगनी रंग के साटन के वस्त्र । सुनहरी जरी की फतवी । लूम की कलंगी । हीरा के आभरण । श्रृंगार हल्को ।		मंगलभोम में तवापूड़ी आरोगे राजभोग में मठड़ी	संध्याभोग आरती में चौक में चांदी की हटड़ी में विराजे ।
त्रयोदशी	श्री गुसांईजी के सातवे लालजी श्री घनश्यामजी को उत्सव	लाल साटन के वस्त्र पन्ना की कुल्हे । पन्ना के आभरण । मध्य के फोंदना । श्रृंगार भारी ।	लाल साटन को	घेवर कचोरी	
चतुर्दशी		एच्छिक		खाजा	
अमावस्या	श्याम घटा नियम को	श्याम वस्त्र बिना किनारी के । गादी तकिया सब श्याम साटन के । हीरा के आभरण । माला तुलसी की । श्रृंगार हल्को ।	श्याम	खोवा के गुंजा	

। । श्री गोवर्द्धनधर: नवनीतप्रियौ विजयत: । ।

मास - मार्गशीर्ष (शुक्ल पक्ष)

शुभ मिति	उत्सव	श्रृंगार	साज	सामग्री	विशेष
एकम		एच्छिक		माखन बड़ा	
द्वितीया		श्याम घटा को सब क्रम श्री के वस्त्र सफेद जरी के । चीरा । गद्दल सफेद जरी को । आभरण हीरा के । श्रृंगार हल्को । श्री के विराजवे की गादी पर सफेदी रहे । (पाँच चंद्रमा को सिंगार)	पिछवाई में चाँदी को चंद्रमा आवे	पपची	''आधो मुख निलांबर सो ढाक्यो'' ये कीर्तन होवे ।
तृतीया		एच्छिक		मोहनथार	
चतुर्थी		एच्छिक		चोरीठा को मगद	
पंचमी		मोती को ट्क्यो वागा वस्त्र धरे । श्याम गोल पाग । हीरा मोती के आभरण । श्रृंगार हल्को ।	मोती को ट्क्यो भयो	बेंगन भात को मंगल भोग राजभोग में बूंदी	
षष्ठी		एच्छिक		मूंग को मगद	
सप्तमी	श्री गुसांईजी के चतुर्थ लालजी श्री गोकुलनाथजी को उत्सव	लाल रेशमी छापा के वस्त्र । हीरा की जड़ाऊ कुल्हे । माणक के सब आभरण । श्रृंगार भारी दुहेरा । फोंदना बड़े । पाँच चंद्रिका को जोड़ अनोसर में कसुमल कुल्हे धर के पोढ़ें ।	हरी साटन पे किनारी की झाड़ वालो	धास के लड्डुवा सजाब की खीर	
अष्टमी	श्री गोवर्धनेशजी महाराज कृत सात स्वरुप को उत्सव	लाल खीनखाप के वस्त्र । हीरा की कुल्हे । हीरा के आभरण । फोंदना बड़े । श्रृंगार भारी दुहेरा । सुनहरी जोड़ श्री मस्तक पर । अनोसर में केसरी कुल्हे धर के पोढ़ें ।	लाल साटन की केल के झाड़ वाली	दहीथड़ा बासोंदी	
नवमी	नियम को	लाल घटा ।		मीठी कचोरी लाखन शाही	श्री गुसांईजी के उत्सव की बधाई बैठे
दशमी		एच्छिक		फेनी	
एकादशी		कुल्हे मुकुट को सिंगार लाल खीनखाप के वस्त्र हीरा पन्ना के आभरण । मध्य के फोंदना । श्रृंगार भारी ।	हरे डुमस को साज	सकरपारा, सूरण को मगद	
द्वादशी		हरी साटन के वस्त्र बिना किनारी के । कसुमल गोल पाग हीरा के आभरण । हीरा की मोर शिखा हीरा को कतरा दुहेरा । श्रृंगार हल्को ।	बिना किनारी को हरी साटन को साज लाल हसिया को	खीर वड़ा की चौकी	
त्रयोदशी		एच्छिक		मोहनथाल	
चतुर्दशी		अमरसी घटा		चूरमा	
